01.09.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

प्रदेश में आज से बीपीएल परिवारों के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों को भी साढे चार सौ रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर मिलना शुरू हो गया है। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी परिवार भी इसके पात्र होंगे। एक करोड़ 7 लाख से ज्यादा पात्र परिवारों को इसका फायदा होगा। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि योजना के तहत चयनित परिवारों को हर महीने अधिकतम एक गैस सिलेण्डर केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी योजना देने के बाद साढे चार सौ रुपये में दिये जाएंगे। पात्र परिवारों को गैस सिलेण्डर की निर्धारित राशि जमा करवाकर गैस सिलेण्डर की डिलीवरी प्राप्त करनी होगी। इसके बाद सब्सिडी के चार सौ छप्पन रुपये का भुगतान परिवार के जनाधार से लिंक बैंक खाते में जमा करा दिया जाएगा।

000

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज झालावाड ज़िले के झालरा पाटन के दौरे पर रहेंगे। वहां वे जैन संत प्रज्ञा सागर जी महाराज की जयंती महोत्सव में भाग लेंगे और जैन मुनि से भेंट करेंगे। इसके अलावा श्री यादव विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

000

एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने आज नई दिल्ली में भारतीय वायु सेना के उपवायु सेना प्रमुख का पदभार संभाला। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। एयर मार्शल तेजिंदर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं और 13 जून 1987 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू शाखा में शामिल हुए थे।

000

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग में महानिदेशक का पदभार संभाला। उन्होंने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत अपने 33 वर्ष के कार्यकाल के दौरान विभिन्न पदों पर सेवाएं दी हैं।

000

जैसलमेर स्थित रामदेवरा में बाबा रामदेव का मेला पांच सितम्बर से शुरू होगा। मेला व्यवस्थाओं की अंतिम तैयारियों को लेकर कल जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक की और मेला परिसर का अवलोकन किया। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को मेले के दौरान सफाई व्यवस्था, रामसरोवर तालाब पर सुरक्षा और लाईट व्यवस्था के इंतजाम करने को कहा। इसके अलावा श्री सिंह ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाने और श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को मेले में आने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने को भी कहा।

000

प्रदेश में आज से बारिश की गतिविधियों में और बढोतरी होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में एक नया तंत्र बनने से पूर्वी राजस्थान में एक सप्ताह तक भारी बरसात का दौर चलेगा। इसके प्रभाव से आज कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने तथा जयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में मध्यम बारिश के आसार हैं। केन्द्र ने राज्य के 28 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

इस बीच, पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं तथा पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। जोधपुर, पाली और सिरोही में कहीं–कहीं भारी वर्षा रिकॉर्ड की गई। सबसे ज्यादा 8 सेंटीमीटर बारिश पाली के सुमेरपुर में दर्ज की गई। इसके अलावा सिरोही के शिवगंज में 7 सेंटीमीटर पानी बरसा।
उधर, भरतपुर के डांग क्षेत्र में हुई तेज बरसात से जिले का बरेठा बांध का जलस्तर 28 फीट से ऊपर पहुंच गया है। पानी की लगातार आवक को देखते हुए आज बांध का एक गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। इससे बयाना और रूपवास क्षेत्र के बहाव वाले क्षेत्रों के गांवों में अलर्ट जारी किया गया है।

000

केंद्र ने दूरसंचार अधिनियम 2023 के शुरुआती नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इन्हें डिजिटल भारत निधि का नाम दिया गया है। यह अधिनियम पूर्ववर्ती यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड का स्थान लेगा। अधिसूचना के अनुसार, योजनाओं और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करने वालों को डिजिटल भारत निधि से राशि दी जाएगी। इस निधि से दूरसंचार सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों में और वंचित वर्गों तक पहुंचाई जाएंगी।

000